खेल

कोना

भारतीय क्रिकेट टीम के अहम सदस्य युवराज सिंह के जल्द ठीक होने की कामना करते हुए अहमदाबाद में प्रार्थना करते उनके प्रशंसक।

इंग्लैंड का सफाया

दुबई, 6 फरवरी-(भाषा)

तेज गेंदबाज उमर गुल और आफ स्पिनर सईद अजमल की उम्दा गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट में आज यहाँ चौथे दिन इंग्लैंड को 71 रन से हराकर 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

गुल और अजमल दोनों ने चार-चार विकेट लिये, जिससे 324 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम 252 रन पर सिमट गयी। मोंटी पनेसर के पगबाधा आउट होने के साथ पाकिस्तानी खिलाड़ी झूमने लगे थे। अंपायर ने हालाँकि इसके लिये तीसरे अंपायर की मदद माँगी थी, लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया था।

यह पहला अवसर है, जबकि पाकिस्तान ने इंग्लैंड को श्रृंखला के सभी मैच में हराकर व्हाइटवाश किया। पाकिस्तान ने कुल पाँचवीं बार किसी श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया। आखिरी बार उसने 2003 में बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 से क्लीनस्वीप किया था। उसने इस जीत से इंग्लैंड के हाथों पिछली दो श्रृंखलाओं में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। पाकिस्तान ने पहला टेस्ट मैच दस विकेट से और दूसरा 72 रन से जीता था। अब इन दोनों टीमों के बीच चार वनडे और तीन ट्वेंटी-20 मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

पिछले साल भारत को अपनी सरजमीं पर 4-0 से हराकर दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बनी इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इस पूरी श्रृंखला में स्पिन गेंदबाजों के सामने लचर प्रदर्शन किया। उसकी तरफ से आज भी विकेटकीपर बल्लेबाज मैट प्रायर को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज डटकर गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाया। प्रायर 49 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके अलावा एलिस्टेयर कुक ने चार घंटे क्रीज पर बिताकर 49 रन बनाये। पाकिस्तानी क्षेत्ररक्षकों ने सुबह इंग्लैंड के बल्लेबाजों को जीवनदान भी दिये, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा पाये। अब्दुर रहमान ने इंग्लैंड के कप्तान एंड्रयू स्ट्रास (26) को पगबाधा आउट किया, जबकि अजमल ने जोनाथन ट्रॉट (18) को आउट करके कुक के साथ खतरनाक दिख रही उनकी साझेदारी को तोड़ा। लंच के समय इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 49 रन था तथा कुक और केविन पीटरसन (18) क्रीज पर थे, लेकिन उसने 84 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिये। पीटरसन ने रहमान पर चौका और छक्का जड़कर इंग्लैंड का स्कोर 100 रन के पार पहुँचाया, लेकिन अजमल ने दूसरे छोर से उम्दा गेंदबाजी की। अजमल ने पीटरसन को आउट किया जो श्रृंखला में केवल 67 रन बना पाये और इस दौरान पाँच बार स्पिनवें के सामने आउट हुए। अजमल ने अपने अगले ओवर में तेजी से टर्न लेती एक अन्य गेंद पर कुक को स्लिप में यूनिस खान के हाथों कैच कराया। इयान बेल (10) और इयोन मोर्गन (31) फिर से बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे। गुल ने तीन गेंद के अंदर उन्हें आउट किया। इस तेज़ गेंदबाज़ ने चाय के विश्राम के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड (18) और ग्रीम स्वान को भी पवेलियन भेजा। जेम्स एंडरसन ने कुछ देर तक प्रायर का साथ दिया, लेकिन अजमल ने फिर से कमाल दिखाया और यह साझेदारी तोड़कर पाकिस्तान की चौथे दिन ही जीत सुनिश्चित की।

ज़िम्बाब्वे को 141 रन से हराकर

न्यूज़ीलैंड ने श्रृंखला जीती

वांगारेई, 6 फरवरी-(भाषा)

सलामी बल्लेबाज़ राब निकोल की शतकीय, जबकि मार्टिन गुप्टिल और जैकब ओरम की अर्धशतकीय पारी से न्यूज़ीलैंड ने आज यहाँ ज़िम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में 141 रन की शानदार जीत दर्ज कर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली।

बल्लेबाज़ी का न्यौता मिलने के बाद न्यूज़ीलैंड ने निकोल के 134 गेंद में 146 रन, गुप्टिल के 77 और ओरम के 59 रन से निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट पर 372 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

इसके जवाब में ज़िम्बाब्वे की टीम शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने से 8 विकेट के नुकसान पर केवल 231 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से एल्टन चिगुम्बुरा ने 63 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली, जबकि ततैंडा तायबू ने भी 50 रन बनाये। न्यूज़ीलैंड की तरफ से ओरम ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 29 रन देकर 3, जबकि कायले मिल्स ने 27 रन देकर 2 विकेट चटकाये। श्रृंखला का अंतिम मैच गुरूवार को नेपियर में मैकलीन पार्क में खेला जायेगा। निकोल 48वें ओवर तक क्रीज़ पर जमे रहे और उन्होंने न्यूज़ीलैंड की वनडे पारियों में पाँचवीं सर्वश्रेष्ठ पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 6 छक्के जड़े थे। बारिश के कारण मैच 35 मिनट देर से शुरू हुआ। न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ों ने शुरूआती 2 ओवर काफी सतर्कता से खेले, जिसके बाद निकोल ने अपने पाँचवें वनडे में दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने पहले विकेट के लिये गुप्टिल के साथ 131 रन की भागीदारी निभायी। गुप्टिल के जाने के बाद ओरम ने 59 और विकेटकीपर बल्लेबाज़ ब्रैंडन मैकुलम ने 20 रन का योगदान दिया। न्यूज़ीलैंड ने 41 ओवर के बाद 261 रन पर 4 विकेट गंवा दिये थे और उसकी पारी के 9 ओवर बाकी थे। निकोल ने अगले 8 ओवर में 94 रन के स्कोर को 146 में तब्दील किया, लेकिन 49वें ओवर में वह प्रोस्पर उत्सेया की गेंद पर डीप मिडविकेट में शिंगी मास्कादज़ा को कैच दे बैठे। निकोल ने अंत में टाम लाथम (48) के साथ भी पाँचवें विकेट के लिये 92 रन की साझेदारी निभायी। ज़िम्बाब्वे के लिये उत्सेया सबसे सफल गेंदबाज रहे, उन्होंने 10 ओवर में 71 रन देकर 3 विकेट हासिल किये।

सहारा से बातचीत को तैयार BCCI

नई दिल्ली, 6 फरवरी-(भाषा)

भारतीय क्रिकेट टीम के प्रायोजक और आईपीएल पुणे वारियर्स फ्रेंचाइजी के मालिक के तौर पर सहारा समूह के पीछे हटने से स्तब्ध बीसीसीआई ने आज कहा कि वह इस कॉर्पोरेट समूह से बातचीत करके मसलों का हल निकालने को तैयार है।

सहारा ने दो दिन पहले बीसीसीआई से पूरी तरह से नाता तोड़ने का ऐलान किया था। बोर्ड अध्यक्ष एन. श्रीनिवासन ने आज कहा कि वह इस मसले पर सहारा समूह से बातचीत को तैयार हैं। आईपीएल अध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भी कहा कि मामला सुलझाने के लिये वे बातचीत को तैयार हैं। श्रीनिवासन ने कहा, 'हम बातचीत करके मसले का हल निकालने को तैयार हैं। हमें इसमें कोई ऐतराज नहीं है। सहारा ने जो किया, हम उसका सम्मान करते हैं। उन्हें आईपीएल से वह नहीं मिला होगा, जो वह चाहते थे। हमारे आपसी संबंध अच्छे रहे हैं लिहाजा हम मसला सुलझाना चाहते हैं।'

यह पूछने पर कि क्या वह बातचीत के जरिये समाधान का पैगाम दे रहे हैं, श्रीनिवासन ने कहा, 'निजी तौर पर हाँ। मैं बातचीत को तैयार हूँ और बीसीसीआई भी। हम समझते हैं कि उनकी कुछ शिकायतें थी, लेकिन अचानक हटने का कोई कारण नहीं था।' श्रीनिवासन ने कहा कि बीसीसीआई और सहारा के संबंधों में उतार-चढ़ाव आये, लेकिन उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि यदि ऐसी कोई बैठक होती है तो किन मसलों पर बात होगी। उन्होंने एक टीवी चैनल से कहा, 'संबंधों में उतार-चढ़ाव आये हैं, लेकिन उम्मीद है कि जब बैठक होगी तो मसले सुलझ जाएँगे। सहारा के साथ बातचीत की संभावना है। सभी मसलों पर बात होगी, लेकिन अभी उन मसलों के बारे में कहना जल्दबाजी होगी।'

युवराज सिंह की 18 लाख डॉलर की कीमत को बेंगलूर में नीलामी के दौरान पुणे वारियर्स को खरीदारी के लिए मौजूद रकम में जोड़ने के सहारा के आग्रह पर श्रीनिवास ने कहा, 'आईपीएल से जुड़े फैसले संचालन परिषद करती है। नीलामी अब खत्म हो चुकी है। हम अभी से फैसला नहीं कर सकते कि बीसीसीआई और सहारा के बीच किन मुद्दों पर चर्चा होगी। इसमें गोपनीयता होनी चाहिए। हम बैठकर बात करेंगे और देखेंगे कि कैसे चीजों का हल निकाला जा सकता है।'

श्रीनिवास ने कहा, 'युवराज बीमार है और हम कामना करते हैं कि वह ना सिर्फ पूरी तरह उबर जाए, बल्कि दोबारा क्रिकेट खेले।' श्रीनिवासन ने कहा कि उन्हें यह जानकर हैरानी हुई थी कि सहारा ने बीसीसीआई के साथ अपना टीम प्रायोजन करार रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा, 'जब मुझे इस (सहारा के प्रायोजन करार रद्द करने) बारे में पता चला तो मुझे हैरानी हुई। नीलामी से पहले की रात हमारे बीच थोड़ी बातचीत हुई। उन्होने (सुभ्रतो राय) कहा कि उन्हें पीड़ा पहुँची है। यह देर शाम की बात है और मुझे उम्मीद नहीं थी कि अगली सुबह वह जाएँगे।'

सहारा ने 1 जुलाई, 2010 को बीसीसीआई के साथ नया करार किया था, जो 31 दिसंबर, 2013 तक प्रभावी था। कंपनी इसके तहत बीसीसीआई को प्रत्येक टेस्ट, एक दिवसीय और ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए तीन करोड़ 34 लाख रुपये का भुगतान कर रही थी। मना जा रहा था कि यह करार 532 करोड़ का था। इसके अलावा सहारा ने पिछले साल पुणे वारियर्स को 1,702 करोड़ रुपये में खरीदा था, जिससे वह आईपीएल की सबसे महँगी फ्रेंचाइजी थी।

शीर्ष चार टीमों के करीब पहुँचा पाक

दुबई, 6 फरवरी-(भाषा)

पाकिस्तान ने दुनिया की नंबर एक टीम इंग्लैंड का 3-0 से क्लीनस्वीप करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष चार टीमों और अपने बीच के अंतर को कम कर दिया है। टीम हालाँकि अब भी पाँचवें स्थान पर मौजूद है।

पाकिस्तान ने श्रृंखला की शुरुआत 99 रेटिंग अंक और पाँचवें स्थान से की थी और अब उसके 108 अंक हो गए हैं। वर्ष 2007 से यह पहला मौका था, जब पाकिस्तान शीर्ष चार टीमों के करीब पहुँचा है। मिस्बाह-उल-हक की अगुआई वाली टीम अब भारत और ऑस्ट्रेलिया से सिर्फ तीन अंक पीछे है। दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच नौ अंक का अंतर है। इसके विपरीत इंग्लैंड ने शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है, जो उसने पिछले साल जुलाई-अगस्त में भारत को हराकर हासिल की थी।

एंड्रयू स्ट्रास की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम को हालाँकि इस हार से सात रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है और अब उसके सिर्फ 118 अंक रह गए हैं, जो दक्षिण अफ्रीका से सिर्फ एक अंक अधिक है। इंग्लैंड को अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला खेलनी है और अगर टीम यह श्रृंखला भी गंवा देती है तो नंबर एक रैंकिंग भी उसके हाथ से निकल जाएगी। पाकिस्तान की 3-0 की जीत ने दक्षिण अफ्रीका की 1 अप्रैल को रैंकिंग की वार्षिक कट ऑफ तारीख तक दुनिया की नंबर एक टीम बनकर 1,75,000 डॉलर की इनामी राशि जीतने की उम्मीदों को जीवंत रखा है। दक्षिण अफ्रीका को अगर दुनिया की नंबर एक टीम बनना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ 7 से 27 मार्च तक होने वाली तीन टेस्ट की श्रृंखला के सभी मैच जीतने होंगे।

शेर की तरह लौटेगा युवराज : पिता

चंडीगढ़, 6 फरवरी-(भाषा)

युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने आज कहा कि उनकी बेटे के उपचार में थोड़ी देरी हुई और बाएँ हाथ के इस बल्लेबाज़ ने 2 साल पहले जाँच करवाने की उनकी सलाह को गंभीरता से नहीं लिया था।

योगराज ने उस समय को याद किया जबकि उनके बेटे की बीमारी के शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने कहा, 'मैं किसी पर दोष नहीं मढ़ना चाहता, लेकिन मुझे लगता है कि आज चीजें कुछ अलग होती। आपको याद होगा कि दो साल पहले युवी जब मोहाली में ट्वेंटी- 20 मैच खेल रहा था तथा उन्होंने मैच विजेता पारी खेली। तब छक्का जड़ने के बाद वह सुरेश रैना की तरफ दौड़ा और बुरी तरह खाँसने लगा।'

यह पूर्व टेस्ट क्रिकेटर उस घटना को याद करते हुए अपने आँसू नहीं रोक पा रहा था। योगराज ने कहा कि तब उन्होंने युवराज को पूरी चिकित्सकीय जाँच की सलाह दी, लेकिन उन्होंने उनकी एक नहीं सुनी और कहा कि वह बच्चा नहीं है तथा वह पूरी तरह से ठीक है। योगराज ने यहाँ अपने आवास पर कहा, 'लेकिन मैं जानता था कि कुछ गड़बड़ है। 6 महीने पहले जिस चिकित्सक ने युवराज की जाँच की रिपोर्टों को देखा था, उसने कहा कि कि उन्हें उपचार के लिये अमेरिका ले जाना चाहिए। चिकित्सक ने कहा कि था कि सर्वश्रेष्ठ इलाज अमेरिका में उपलब्ध है, लेकिन मैं किसी को दोषी नहीं मानता।'

युवराज को अपनी माँ शबनम के बेहद करीब माना जाता है जो गुड़गाँव में रहती हैं और अभी अपने बेटे के साथ अमेरिका में हैं। योगराज उनसे अलग चंडीगढ़ में रहते हैं। उन्हें हालाँकि लगता है कि आखिर में सब कुछ अच्छा हुआ जो युवराज ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेला, अन्यथा मामला और बिगड़ सकता था। योगराज ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे से बात की। उन्होंने कहा, 'उपचार का सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है और ईश्वर ने चाहा तो उन्हें जल्द ही मैदान पर होना चाहिए।' युवराज की बीमारी के कारण पिता और पुत्र पहले की तुलना में अधिक करीब हो गये। उन्होंने कहा, 'युवी शेरदिल इंसान है। वह शेर है। आप फिर से उसे गुर्राते हुए देखोगे।' युवराज ने भारत की विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभायी थी। बायें हाथ का यह बल्लेबाज़ पिछले महीने से उपचार के लिये अमेरिका में है। पहले उनके परिवार ने कहा कि था उनके फेफड़ों में ट्यूमर है।

सबसे लंबे समय तक वनडे खेलने वाले क्रिकेटर बने सचिन

नई दिल्ली, 6 फरवरी-(भाषा)

सचिन तेंदुलकर ने कल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में उतरकर सबसे अधिक समय तक एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का नया रिकॉर्ड बनाया।

तेंदुलकर ने यूँ तो पिछले साल 18 दिसंबर को ही एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 22 साल पूरे कर लिये थे, लेकिन इस बीच उन्होंने कोई वन डे मैच नहीं खेला था और यह रिकॉर्ड उनके नाम पर कल पहला मैच खेलने के साथ ही जुड़ा। उन्होंने श्रीलंका के सनथ जयसूर्या का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनका एकदिवसीय कैरियर 21 साल 184 दिन चला था।

तेंदुलकर का एकदिवसीय कैरियर अब 22 साल 49 दिन तक खिंच गया है। उन्होंने अपना पहला वन डे मैच 18 दिसंबर, 1989 को पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। सचिन और जयसूर्या के अलावा पाकिस्तान के जावेद मियांदाद ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका वनडे कैरियर 20 साल से अधिक समय तक चला। वर्तमान खिलाड़ियों में सचिन के बाद ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग का नंबर आता है, जिनका कैरियर 16 साल 355 दिन तक खिंच गया है। भारतीयों में तेंदुलकर के बाद अनिल कुंबले (16 साल 328 दिन) दूसरे स्थान पर हैं। टेस्ट क्रिकेट में भी तेंदुलकर का कैरियर 22 साल 74 दिन तक खिंच गया है। लंबी अवधि के प्रारूप में 6 अन्य खिलाड़ियों का उनसे लंबा कैरियर रहा है। इनमें इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स भी शामिल हैं, जिनका कैरियर 30 साल 315 दिन तक चला था।

सेंसेक्स 102 अंक चढ़ा

मुंबई, 6 फरवरी-(भाषा)

एशियाई बाज़ारों में मज़बूत रुख के बीच ज़मीन-ज़ायदाद और पूँजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों के में संस्थागत निवेशकों की लिवाली से शेयर बाज़ारों में तेज़ी जारी रही और बांबे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 102 अंक की बढ़त लेकर बंद हुआ। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 102.35 अंक मजबूत होकर 17,707.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह दिन के उच्च स्तर 17,829.72 अंक को छू गया था। 5 कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 843 अंक मज़बूत हो चुका है। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 35.80 अंक मज़बूत होकर 5,361.65 अंक पर बंद हुआ। रीयल्टी शेयरों में डीएलएफ 2 प्रतिशत, डीबी रीयल्टी 12.03 प्रतिशत, यूनिटेक 13.08 प्रतिशत और एचडीआईएल 4.34 प्रतिशत की बढ़त लेकर बंद हुआ। ब्रोकरों ने कहा कि पिछले दिनों अमेरिका में उत्साहजनक रोज़गार के आँकड़े आने के बाद आज अन्य एशियाई बाज़ारों से सकारात्मक रूख मिलने और एफआईआई की सतत लिवाली से बाज़ार की धारणा मजबूत रही। हालाँकि चुनिंदा शेयरों में मुनाफा वसूली देखने को मिली, जिससे शुरुआती तेज़ बढ़त कायम न रह सकी।

Yellow Taxi 44 00 44 00 48 48 48 48

सोना-चाँदी मज़बूत

नई दिल्ली 6 फरवरी-(भाषा)

वैश्विक तेज़ी के बीच मौजूदा शादी-विवाह के मद्देनज़र स्टॉकिस्टों और आभूषण निर्माताओं की लिवाली के चलते दिल्ली सर्राफा बाज़ार में आज सोने और चाँदी में तेज़ी दर्ज की गयी। सोने के भाव 50 रूपये चढ़कर 28,090 रूपये प्रति 10 ग्राम और चाँदी के भाव 60 रूपये सुधर कर 55,710 रूपये किलो बोले गये। बाज़ार सूत्रों के अनुसार, मज़बूत वैश्विक रूख के बीच मौजूदा शादी-विवाह वालों की माँग को पूरा करने के लिए स्टॉकिस्टों और आभूषण निर्माताओं की लिवाली के चलते सोने और चाँदी की कीमतों में सुधार हुआ।

विदेशी मुद्रा विनिमय दरें

दिनांक : 6 फरवरी $

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकन डॉलर	49.54	49.67
पौंड स्टर्लिंग	78.18	78.33
यूरो	64.79	64.94
सऊदी रियाल	13.21	13.24
यूएई दिरहम	13.49	13.52
ऑस्ट्रेलियन डॉलर	53.11	53.22
सिंगापुर डॉलर	39.73	39.88
कुवैत दिनार	178.25	178.56
मलेशियन रिंगिट	16.48	16.54
कनेडियन डॉलर	49.71	49.86
चाइनीज़ युआन	7.76	7.96
न्यूज़ीलैंड डॉलर	41.16	41.32
हांगकांग डॉलर	6.38	6.41
ओमान रियाल	128.83	129.03
साउथ अफ्रीकन रैंड	6.48	6.52

सर्राफ़ा बाज़ार

6 फरवरी को सर्राफा बाज़ार में उपलब्ध भाव एवं गत शनिवार के मुकाबले परिवर्तन इस प्रकार हैं -

धातु	खुला	बन्द	परिवर्तन
हैदराबाद			
सोना स्टैण्डर्ड (24 कैरेट्स)/10 ग्राम	28,090	↑	0.42%
आभूषण /10 ग्राम	27,420	27,520 ↑	0.40%
चाँदी 999 (प्रति किलो)		56,350 ↑	0.44%

हैदराबाद बाज़ार भाव दि. 6-2-2012

खाद्यान्न और दालें (प्रति क्विंटल)	
चावल (उत्तम) पुराना	2,600-2,900
चावल (मध्यम) नया	2,450-2,650
गेहूँ (शरबती- पुराना)	1,700-2,200
गेहूँ (बंसी) नया	1,800-1,900
जवार (सफेद)	3,000-3,400
जवार (पीला)	2,200-2,600
बाजरा	1,200-1,400
मक्का	1,000-1,300
तुअर	3,000-3,400
तुअर दाल	4,400-5,500
मसूर दाल	3,600-3,800
चना	3,600-3,700
चना दाल	4,500-4,600
उड़द	3,200-4,200
उड़द दाल	5,500-6,500
मूंग	4,000-4,300
मूंग दाल	5,100-6,100
शक्कर (प्रति क्विंटल)	
शक्कर एस.30	2,950-3,050
गुड़ नं. 1	2,700-2,900
गुड़ (निज़ामाबाद)	2,600-2,800

खाद्य तेल (15 किग्रा टिन)	
मूंगफली तेल	1,220-1,430
रिफाइंड तेल	1,400-1,500
सूर्यमुखी तेल	1,100-1,250
तिल का तेल	1,450-1500
करड़ी तेल	1,600-1,750
बिनौला रिफाइंड तेल	1,000-1,150
चावल भूसी तेल	1,250-1,300
वनस्पति	850-950
किराणा (प्रति क्विंटल)	
हल्दी (गोल)	5,200-5,500
हल्दी (काड़ी)	5,500-5,800
इमली नं. 1	6,000-7,000
धनिया नं 1	5,000-6,000
तिल	7,000-8,000
सब्ज़ी (प्रति क्विंटल)	
आलू	650-900
प्याज नं. 1	700-900
प्याज नं. 2	600-700
मिर्च नं. 1	6,500-8,000
मिर्च नं. 2	6,000-7,000
मिर्च नं. 3	5,500-6,500
लहसन (नया)	9,500-11,000
अदरक (नया)	4,600-5,600

स्रोत : एन.वी.एस.

आन्ध्र प्रदेश सरकार
सड़क एवं भवन निर्माण विभाग

ई-अधिप्रापण सूचना

सं. : 95/ईई/(आर एण्ड बी)/सीबीडी/डीबी/एचडी/ई-अधि./11-12/1851, दि. 03-02-2012
कार्य का नाम और अनुमानित ठेका मूल्य : (1) कुंदनबाग, हैदराबाद पर के 4/4 हेतु विशेष मरम्मत, ओ/बी श्री चन्दन मित्रा, आईएफएस, कुन्दनबाग, हैदराबाद - रु. 4,69,471.00, (2) कुन्दनबाग, हैदराबाद पर सरकारी क्वार्टर्स नं. के 3/2 में कुछ सिविल और सैनिटरी कार्य, ओ/बी श्री कुमार विश्वजीत, आईपीएस, ज्वाइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, को-ऑर्डिनेशन एण्ड सेक्युरिटी, हैदराबाद शहर, आं.प्र. - रु. 3,93,697.00, (3) कुन्दनबाग, हैदराबाद पर गवर्नमेन्ट क्वार्टर्स नं. एमबी-10 में सैनिटरी फिट्टिंग्स और कुछ मरम्मत सिविल कार्य ओ/बी श्री प्रोफेसर के.सी. रेड्डी, वाईस चेयरमैन आरईईसीएपी एण्ड चैयरमैन, आरईईएमएपी - रु. 7,53,646/-
बोली डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि : 04-02-2012 को अपराह्न 1-00 बजे।
बोली डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 08-02-2012 को अपराह्न 1-00 बजे तक।
बोली खोलने की तिथि : 08-02-2012 को अपराह्न 1-30 बजे से।
अधिक विवरणों के लिए http://www.eprocurement.gov.in देखें।
हस्ता/- कार्यकारी अभियंता (आर एण्ड बी),
सेन्ट्रल बिल्डिंग्स डिवीजन, हैदराबाद
(No. 4649)

इन्द्रधनुष हेल्थ एण्ड ब्यूटी

शक्ति का एहसास
हर रात... हर बार....बार-बार....!
बुटी वीटा
यह एक ऐसा आयुर्वेदिक फार्मूला है। जो पुरुषों को खोई ताकत और खोया जीवन लौटाता है। ताकत व आत्मविश्वास भर देता है। जिसके कारण शीघ्रपतन को दुर करता है। गुप्तमिलन की समय सीमा बढा देता है। जीवन साथी को सन्तुष्ट करने का एक प्राचीन इलाज
बुटी वीटा ....
Rs. 275/-
Vishnu Agencies Opp. Clock Tower, Sultan Bazar : Tel: 24750585 / 24755925
• VISHNU & SONS, INDER BAGH: 66250249 • M.K. ASAWA: LAD BAZAR, CHARMINAR – 24514133 • SHARDA MEDICAL: SIDDIAMBER BAZAR- 24730883 • SANA MEDICAL: NAMPALLY – 9949868076 • RAJENDAR MEDICAL HALL: AMEERPET – 66634317 • VISHNU MEDICAL HALL: GULZAR HOUSE – 66712504 • KAMLESH MEDICAL HALL: BALANAGAR – 66382535 • MOR CHEMISTS: MOZAMZAHI MARKET – 66732696 • RAJENDAR AYURVEDIC: SECUNDERABAD – 27710036 • NIKHIL MEDICAL HALL: NAMPALLY – 65989534 • HABIB MEDICAL HALL: MUSHEERABAD – 9290818740 • RAJESH MEDICAL HALL: SHAHALI BANDA – 24524527 • JYOTI MEDICAL: BANJARA HILLS – 66107671 • APM MEDICAL: KARIM NAGAR – 9885356761 • KRISHNA APPA CLINIC: ZAHEERABAD – 9396804333 • RAVI MEDICAL: ADILABAD NIRMAL - 9490035596

हैप्पी बर्थ डे.
जन्मदिन की बधाई
हिन्दी मिलाप
द्वारा दीजिए
केवल ₹ 500/- प्रति विज्ञापन
विज्ञापन का प्रारूप
जन्मदिन की बधाई
फोटो
नाम:
परिवार के सदस्यों के नाम
6 cm.
3.8 cm.
यह प्रस्ताव केवल 14 साल तक के बच्चों के जन्मदिन की बधाई देने के लिए है।
बधाई विज्ञापन केवल ऊपर बताये गये प्रारूप में ही स्वीकार्य किये जायेंगे।
मिलाप कार्यालय में प्रात: 11 बजे से सायं 7 बजे तक स्वीकार्य किये जायेंगे।
बधाई विज्ञापन ऐजेन्सी के द्वारा भी दिये जा सकते हैं।
For more details call : 24732583, 24655598
e-mail : hindimilap1937@yahoo.com
SHARE THE CELEBRATION

इन्द्रधनुष चलो शॉपिंग

PLOTS FOR SALE
गज केवल रु.850/-
HYD-VJW NH9 हायवे पर,DTCP अप्रूवल
HMDA Limits हायवे फेसिंग वेंचर में,
रामोजी फिल्म सिटी, तुक्कानपेट के पास
संपर्क करें-7799893899,9440697029

रमस्या आपकी समाधान हमारा
7 घण्टों में 100% समाधान गारंटी कार्ड के साथ
कारोबार, गृहक्लेश, जैसे मनचाहा प्यार, वशीकरण, जादू टोना, कारोबार में रुकावट या बन्दिश, शादी में रुकावट, मिया बीवी के झगड़े, सौतन से छुटकारा, प्रेम विवाह, प्यार में चोट खाए, बीमारी में दवा का न लगना, मुकदमेंमें उलझना आदि समस्या से परेशान व्यक्ति तुरन्त मिले। SPL. IN : VASHIKARAN, MUTHKARNI ETC.
Fee. 151/-
हर दिन खुला है। समय : 10-00 बजे से 6-00 बजे
C(8/3RT), पुराना ऐयरपोर्ट,पकाश नगर, बेगमपेट, हैदराबाद - 16.
गुरु कमाल पाशाजी 9866487571 9951835726